हरिभूमि
# रेवाड़ी भूमि
रोहतक, बुधवार 25 फरवरी 2026

तापमान
अधिकतम 31.2 डिग्री
न्यूनतम 9.8 डिग्री

12 श्याम सेवा शिविर में भक्ति का माहौल, महिलाओं के भजनों से गूंज रहा पांडाल



12 डीटीपी का पीला पंजा चला, छह एकड़ की अवैध कॉलोनियां की जमींदोज



*तीन गांवों में कब्जा हटाने की कार्रवाई को दिया अंजाम*

# पंचायती जमीनों को खाली कराने का एक्शन तेज हर दिन जेसीबी से हटाए जा रहे तीन से चार कब्जे

### जमीन को अपने नाम कराने की समय सीमा हो चुकी खत्म

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

लंबे समय से पंचायती जमीनों और आम रास्तों पर कब्जा जमाने वाले लोगों से जमीन मुक्त कराने का अभियान जोर पकड़ने लगा है। जनवरी माह में निर्माण नियमित कराने के लिए जमीन अपने नाम कराने को आवेदन की समय सीमा समाप्त होने के बाद पक्के निर्माण से लेकर अतिक्रमण हटाने तक की कार्रवाई को तेजी से अंजाम दिया जाने लगा है। जिले के अधिकांश गांवों में पंचायती जमीनों और आम रास्तों पर या तो पक्के निर्माण से कब्जे किए हुए हैं या फिर इन जमीनों पर अस्थाई अतिक्रमण किया हुआ है। इन शिकायतें लगातार समाधान शिविरों से लेकर सीएम विंडो तक पर की जा रही हैं। इन शिकायतों का जल्द निपटारा कराने के लिए कब्जे और अतिक्रमण हटाने के आदेश जारी किए जा रहे हैं। जिले में लगभग रोजना तीन से चार गांवों में कब्जा कार्रवाई अमल में लाई जा रही है।

प्रशासन की इस कार्रवाई का कुछ गांवों में विरोध भी हो चुका है, लेकिन पंचायती जमीन को खाली कराने की मुहिम लगातार चल रही है। जनवरी माह में जोहड़, रास्तों और कृषि भूमि को छोड़कर अन्य जमीनों पर बने काफी पुराने मकानों की जमीन अपने नाम कराने के लिए समय सीमा निर्धारित की थी। समय सीमा खत्म होने के बाद कब्जे हटाने की कार्रवाई तेज हो चुकी है।





रेवाड़ी। गांव गादला में प्रशासन की ओर से तोड़ा गया अवैध निर्माण,अवैध कब्जे हटाने की कार्रवाई में मौजूद पुलिस।



रेवाड़ी। गांव में अवैध कब्जे हटाने पहुंची जेसीबी मशीन। फोटो : हरिभूमि

### अवैध कब्जों को नहीं किया जाएगा बर्दाश्त



गांवों में पंचायती व जोहड़ों की जमीनों के साथ-साथ आम रास्तों पर कब्जों की शिकायतें मिल रही हैं। इन कब्जों को हटवाने की दिशा में तेजी से कदम उठाए जा रहे हैं। जो लोग नोटिस जारी किए जाने के बाद भी कब्जे नहीं हटा रहे, उनके कब्जे से पुलिस बल की मौजूदगी में कब्जे खाली कराए जा रहे हैं।
-एचपी बंसल, डीडीपीओ।

### धरचाना में रास्ते से हटाया अतिक्रमण

धरचना गांव में भी आम रास्ते पर प्रभावशाली लोगों ने अतिक्रमण किया हुआ था। प्रशासन ने शिकायत पर सुनवाई के दौरान अतिक्रमण हटवाने के आदेश दिए थे। एसडीओ पंचायती राज संजय कुमार की अगुवाई में गांव पहुंची प्रशासन की टीम ने जेसीबी की मदद से अतिक्रमण हटाकर रास्ता साफ करा दिया। अतिक्रमण करने वाले लोगों ने विरोध भी करना चाहा, लेकिन पुलिस बल की मौजूदगी के चलते उनकी एक नहीं चल पाई।

### पंचायती जमीन से हटवाया कब्जा

गादला गांव में पंचायती जमीन पर काफी समय से कब्जे किए हुए थे। इनकी शिकायत सीएम विंडो से लेकर समाधान शिविर तक में की गई थी। डीसी की ओर से कब्जे हटवाने के आदेश जारी किए गए थे। इसके बाद नायब तहसीलदार हरिकिशन की अगुवाई में प्रशासन की टीम पुलिस बल के साथ गांव में पहुंची। टीम ने जेसीबी से अवैध कब्जों को साफ करा दिया। पुलिस बल की मौजूदगी के कारण कब्जा हटाने का विरोध नहीं हुआ।

- प्रशासन की इस कार्रवाई का कुछ गांवों में विरोध भी हो चुका है, लेकिन पंचायती जमीन को खाली कराने की मुहिम लगातार चल रही है

### पाड़ला में खाली कराया आम रास्ता

एसडीओ पंचायती राज जितेंद्र की अगुवाई में प्रशासन की टीम ने पाड़ला गांव में लंबे समय से किए हुए पंचायती रास्ते पर कब्जे को जेसीबी की मदद से साफ करा दिया गया। इस मौके पर पंचायत सचिव, पटवारी व बीडीपीओ खोल भी मौजूद रहे। विरोध की आशंका को देखते हुए सब इंस्पेक्टर सुरेंद्र सिंह की अगुवाई थाना खोल पुलिस मौजूद रही। रास्ता साफ होने के बाद ग्रामीणों ने राहत की सांस ली है।

### ड्यूटी मजिस्ट्रेट के अभाव में अटका एक्शन

प्रशासन की ओर से गांव बोहका और मालपुरा में पंचायती जमीन से कब्जे हटवाने के लिए मंगलवार का दिन तय किया गया था। बोहका में ड्यूटी मजिस्ट्रेट एसडीओ पंचायती राज जितेंद्र के अवकाश पर होने के कारण एक्शन नहीं हुआ, तो मालपुरा में ड्यूटी मजिस्ट्रेट के चंडीगढ़ चले जाने के कारण कार्रवाई नहीं हो सकी। दोनों ही गांवों के लिए पुलिस लाइन से पुलिस बल भेजने की तैयारी हो चुकी थी।

## खबर संक्षेप

### वाहन की टक्कर से अज्ञात व्यक्ति की मौत

**रेवाड़ी।** दिल्ली-जयपुर नेशनल हाइवे पर सोमवार की रात संगवाड़ी फ्लाईओवर के पास किसी वाहन की चपेट में आने से एक व्यक्ति की मौत हो गई। रात को सड़क पार करते समय एक व्यक्ति किसी वाहन की चपेट में आकर गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना मिलने के बाद पुलिस ने उसे अस्पताल पहुंचाया। उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। मृतक की पहचान कराने के प्रयास किए गए, लेकिन सफलता नहीं मिली। पुलिस ने शव को शव को शिनाख्त के लिए सामान्य अस्पताल की मोर्चरी में रखवा दिया। केस दर्ज करने के बाद पुलिस ने वाहन चालक का पता लगाने के प्रयास शुरू कर दिए।

### दहेज प्रताड़ना के केस में आरोपी गिरफ्तार

**रेवाड़ी।** पुलिस ने दहेज की मांग पर विवाहित को प्रताड़ित करने के मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने जिले के एक गांव निवासी विवाहिता की शिकायत के आधार पर दोनों पक्षों के बीच बातचीत के जरिए समझौता कराने के प्रयास किए थे। काउंसलिंग कराए जाने के बाद भी दोनों पक्षों में समझौता नहीं हुआ था। गत 13 जनवरी को पुलिस ने ससुराल पक्ष के लोगों के खिलाफ केस दर्ज किया था। इस मामले में जांच के बाद पुलिस ने राजस्थान के बलिहार निवासी किरण को गिरफ्तार कर लिया। बाद में उसे पुलिस बेल पर छोड़ दिया गया।

### सड़क हादसों के केसों में तीन गिरफ्तार

**धारूहेड़ा।** पुलिस ने सड़क हादसों के बाद मौके से फरार तीन वाहन चालकों को गिरफ्तार किया है। दिल्ली-जयपुर हाइवे के पास गत दिनों हुए हादसे के बाद सेक्टर-6 थाना पुलिस ने घायल के बयान पर 18 फरवरी को वाहन चालक के खिलाफ केस दर्ज किया था। इस मामले में राजस्थान के घासीपुर निवासी अभय तंवर को गिरफ्तार किया गया है। कसोला पुलिस ने 13 फरवरी को दर्ज मामले में यूपी के सामंत नांगल दादी निवासी सत्येंद्र और 22 फरवरी को दर्ज मामले में यूपी के सरजनपुरा निवासी सुनील को गिरफ्तार किया है। तीनों को पुलिस बेल पर रिहा कर दिया गया।

### पुलिस के हत्थे चढ़ा कोर्ट से घोषित पीओ

**रेवाड़ी।** मॉडल टाउन थाना पुलिस ने कोर्ट से घोषित किए गए एक पीओ को गिरफ्तार किया है। कोर्ट में चल रहे मामले में राजस्थान के ढाणी नया कुआं शाहपुरा निवासी मालीराम गुर्जर लगातार अनुपस्थित चल रहा था। उसे पीओ घोषित करने के बाद कोर्ट ने पुलिस को केस दर्ज करने के आदेश दिए थे। मॉडल टाउन थाना पुलिस ने कोर्ट के आदेश पर आरोपी के खिलाफ गत 7 फरवरी को केस दर्ज किया था। इस मामले में पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। उसे कोर्ट में पेश करने के बाद न्यायिक हिरासत के तहत केस दर्ज कर लिया।

### अचानक लापता हुआ 80 वर्षीय वृद्ध

**रेवाड़ी।** मॉडल टाउन से लगभग 80 वर्षीय वृद्ध अचानक लापता हो गया। वृद्ध के बेटे ने पुलिस को दर्ज शिकायत में बताया कि उसका पिता दिलीप सिंह कुछ समय से मानसिक रूप से परेशान चल रहा है। वह बीते सोमवार को घर से घूमने के लिए निकला था, परंतु उसके बाद घर नहीं लौटा। काफी तलाश करने के बाद भी उसके पिता का कोई पता नहीं चल सका। पुलिस ने उसकी शिकायत पर केस दर्ज करने के बाद बुजुर्ग का पता लगाने के प्रयास शुरू कर दिए। पुलिस आसपास के सीसीटीवी कैमरों की मदद से उसका पता लगाने के प्रयास कर रही है।

*पुलिस बल की मौजूदगी के चलते विरोध करने वाले दुकानदारों की एक नहीं चल सकी*

## लंबे समय से अदा नहीं किया किराया, पुलिस बल के साथ नपा ने खाली करवाई दुकानें

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बावल

नगर पालिका की लगभग 30 दुकानों का किराया लंबे समय से पेंडिंग चला आ रहा है। बार-बार नोटिस दिए जाने के बावजूद लाखों रुपये किराए का भुगतान नहीं किया जा रहा। नगर पालिका प्रशासन ने इन दुकानों को खाली कराने की प्रक्रिया शुरू कर दी। मंगलवार को नपा के जेई दीपक कुमार की अगुवाई में एक टीम पुलिस बल के साथ दुकानों को खाली कराने के लिए पहुंच गई। इससे पूर्व किरवाया अदा नहीं करने वाले दुकानदारों को नोटिस दिए गए थे। पुलिस बल की मौजूदगी में लगभग एक दर्जन दुकानों को खाली कराने के बाद नपा अधिकारियों ने ताला लगा दिया। अन्य दुकानों को खाली कराने की प्रक्रिया को भी जल्द अंजाम दिया जाएगा। किराए का विवाद काफी समय से चला आ रहा है, जिस कारण अब नपा प्रशासन ने सख्त कार्रवाई करने का निर्णय लिया है।



रेवाड़ी। पुलिस बल की मौजूदगी में दुकान खाली कराते नपा अधिकारी व कर्मचारी।

### शुरू में दुकानदारों ने किया विरोध

*नगर पालिका प्रशासन की ओर दुकानों को खाली कराकर कब्जा लेने की कार्रवाई का शुरू में विरोध हुआ। पुलिस बल की मौजूदगी के चलते विरोध करने वाले दुकानदारों की एक नहीं चल सकी। जेई दीपक कुमार ने बताया कि जिन दुकानों का कब्जा नहीं लिया गया है, उनका कब्जा भी जल्द ले लिया जाएगा।*

## ट्रैफिक नियम तोड़ने वाले वाहन चालकों के काटे चालान

- एसपी मीणा ने कहा कि जिले में कानून-व्यवस्था और सुरक्षा के साथ कोई समझौता नहीं किया जाएगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

जिला पुलिस की ओर से गत सप्ताह ड्रिंक एंड ड्राइव, वाहन में तेज डीजे-प्रेशर हॉर्न बजाने, लेन चेंज नियमों की अवहेलना करने व बुलेट बाइक में पटाखा छोड़कर हवा बाजी करने वाले चालकों के खिलाफ स्पेशल अभियान चलाया गया। पुलिस ने ड्रिंक एंड ड्राइव अभियान के तहत कार्रवाई करते हुए 35 वाहन चालकों के चालान किए है। एसपी हेमेन्द्र कुमार मीणा ने बताया कि रेवाड़ी पुलिस ने इस सप्ताह के दौरान अक्सर देखने में आता है कि रात्रि के समय काफी वाहन चालक नशे में धुत होकर वाहन चलाते हैं, जिससे वह अपने आप को तो खतरे में डालते ही हैं साथ में सड़क पर चल रहे अन्य वाहन चालक के लिए भी खतरा बन जाते है। शराब पीकर गाड़ी चलाना सड़क दुर्घटनाओं की बड़ी वजह बनता है और यह मोटर वाहन अधिनियम, 1988 की धारा 185 के तहत दंडनीय अपराध है। पुलिस ने गाड़ी में तेज डीजे-प्रेशर हॉर्न बजाकर ध्वनि प्रदूषण करने व बुलेट बाइक में पटाखा छोड़ने वाले 3 चालकों पर शिकंजा कसा। इसके अलावा गत सप्ताह में लेन चेंज से संबंधित नियम की अवहेलना पर 977 वाहन चालकों के चालान किए गए।



रेवाड़ी। वाहन चालक में शराब की मात्रा चैक करती पुलिस। फोटो : हरिभूमि

एसपी मीणा ने कहा कि जिले में कानून-व्यवस्था और सुरक्षा के साथ कोई समझौता नहीं किया जाएगा। जो भी व्यक्ति नियमों का उल्लंघन करेगा, उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने नागरिकों से अपील करते हुए कहा कि गाड़ियों में ब्लैक फिल्म का प्रयोग न करें। नशे की हालत में वाहन चलाकर अपनी और दूसरों की जान जोखिम में न डालें। बुलेट मोटरसाइकिल पर पटाखा छोड़ने व ध्वनि प्रदूषण करने से बचें।

### अंबाला में अनिल विज से मिले वरिष्ठ भाजपा नेता



रेवाड़ी। मंत्री अनिल विज का हाल चाल पूछते वीर कुमार यादव। फोटो : हरिभूमि

*कोसली। भाजपा के वरिष्ठ नेता वीरकुमार यादव ने मंगलवार को हरियाणा के बिजली एवं परिवहन मंत्री अनिल विज से उनके अंबाला स्थित आवास पर शिष्टाचार भेंट की। मंत्री विज के दोनों पैरों में फ्रैक्चर होने के कारण वे इन दिनों स्वास्थ्य लाभ ले रहे हैं। वीरकुमार यादव ने मंत्री के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की। उन्होंने कहा कि अनिल विज प्रदेश के ऐसे जननेता हैं, जिन्होंने सदैव जनहित को सर्वोपरि रखा है। उनकी कार्यशैली, स्पष्टवादिता और सक्रियता से प्रदेश की बिजली व परिवहन व्यवस्थाओं को मजबूती मिली है। उन्होंने कहा कि मंत्री की दृढ़ इच्छाशक्ति और सकारात्मक सोच उन्हें जल्द स्वस्थ होने में सहायक सिद्ध होगी। इस अवसर पर एडवोकेट रमेश शर्मा एवं संजय राव भी उपस्थित थे।*

## युवक के साथ मारपीट व लूटपाट के मामले में चार दोषियों को दस-दस साल की जेल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

धारूहेड़ा क्षेत्र में करीब दो साल पहले देर रात ऑटो में जा रहे एक युवक के साथ मारपीट कर नकदी, मोबाइल व अन्य सामान छीनने के मामले में अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश विकास गुप्ता की अदालत ने 4 दोषियों सजा सुनाई है। अदालत ने मोहल्ला रामजस नगर धारूहेड़ा निवासी बच्चन बैरवा, गांव अलावलपुर निवासी अमित, मोहल्ला रामनगर धारूहेड़ा निवासी आनंद और मोहल्ला दयाराम नगर धारूहेड़ा निवासी आनंद देव को 10-10 साल कैद की सजा सुनाई है। अदालत ने दोषियों पर 27-27 हजार रुपए का जुर्माना भी लगाया है। राजस्थान के तिजारा निवासी करण सैनी ने पुलिस को दी अपनी शिकायत में बताया था कि वह 21 फरवरी 2024 की रात करीब 12:10 बजे दिल्ली से लौटकर धारूहेड़ा पुलिया से नीचे उतरा था।

### सामान छीन कर फरार हो गए आरोपी

*पीड़ित के अनुसार ऑटो चालक व अन्य युवक उसे भगत सिंह चौक से होते हुए लोहारू की ढाणी और नंदरामपुर बास रोड की तरफ ले गए। जैसे ही वह सुनसान सड़क पर पहुंचे, आरोपियों ने उसके गले में रस्सी डालकर दबाया और लोहे की रॉड से सिर व छाती पर हमला कर दिया। मारपीट के दौरान उसे गंभीर चोटें आईं। बदमाश उसके पास रखा मोबाइल फोन, पर्स और अन्य सामान छीन कर फरार हो गए। पर्स में करीब 5 हजार रुपये नकद, पैन कार्ड, आधार कार्ड, एटीएम व क्रेडिट कार्ड, सेना का पहचान पत्र, ड्राइविंग लाइसेंस, बाइक आरसी सहित अन्य जरूरी दस्तावेज थे।*

**सुबह के समय प्रदूषण की समस्या बढ़ने लगी, अभी जल्द बरसात होने की संभावना नहीं**

# पड़ोस में ओलावृष्टि के बावजूद चढ़ा पारा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

नारनौल के कुछ इलाकों में बीते सोमवार को बारिश और ओलावृष्टि का असर सुबह के समय ठंड के रूप में देखने को मिला। तेज धूप के चलते तापमान बढ़ना शुरू हो गया है। वीरवार से दिन के तापमान में तेजी से वृद्धि देखने को मिल सकती है, जो गर्मी की शुरूआत कराने वाली साबित होगी। लगभग एक सप्ताह तक बारिश की कोई संभावना नहीं है। मंगलवार को सुबह के समय मौसम ठंडा बना रहा। पड़ोस में हुई ओलावृष्टि का असर दो दिन तक देखने को मिल सकता है। आसमान सुबह से ही साफ रहने के कारण सुबह की ठंड के बावजूद अधिकतम तापमान 0.2 डिग्री की वृद्धि के साथ 31.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। रात का तापमान भी इतनी ही वृद्धि के साथ 9.8 डिग्री सेल्सियस पर पहुंच गया। हवा में नमी का स्तर कम होकर 45 प्रतिशत पर आ गया। आने वाले दिनों में वातावरण में नमी और भी कम हो जाएगी। सुबह और शाम के समय ठंड अभी भी उपस्थिति दर्ज करा रही है। दोपहर के समय मौसम गर्म हो जाता है, गर्म कपड़े शरीर को नहीं सुहाते। दिन के समय सूरज की धूप भी अब शरीर को चुभने लगती है। मौसम विभाग के अनुसार लगभग एक सप्ताह तक बारिश की कोई संभावना नहीं है। आसमान साफ रहने के कारण 26 फरवरी से दिन और रात के तापमान में वृद्धि होना शुरू हो जाएगा, जो मार्च के शुरू में ही गर्मी की उपस्थिति का अहसास कराने लगेगा।

### कल से दिन के तापमान में तेजी से होगी वृद्धि



रेवाड़ी। एक खेत में कटाई के लिए तैयार हो चुकी सरसों की फसल।

### सुबह के समय प्रदूषण का खतरा बरकरार

मौसम में बदलाव के चलते सुबह के समय प्रदूषण का खतरा लगातार बढ़ा रहता है। सूर्योदय के बाद तक एक्यूआई बढ़ा रहता है। प्रदूषण के कारण तत्व वायुमंडल की ऊपरी स्तर तक नहीं पहुंच पाते। दोपहर तक तेज धूप के बाद एक्यूआई में कमी आ जाती है। मंगलवार को सुबह के समय धारूहेड़ा का एक्यूआई 270 पर पहुंच गया, जो शाम के समय कम होकर 180 के आसपास आ गया।

### कटाई के लिए तैयार सरसों की फसल

रबी की फसलों का उत्पादन इस बार अच्छा होने की संभावना बनी हुई है। ओलावृष्टि व पाले से फसलों को नुकसान नहीं हुआ है। सरसों की अगेती फसल कटाई के लिए तैयार हो रही है। जिले के कुछ एरिया में कटाई शुरू भी हो गई है। अगले सप्ताह से मंडियों में सरसों की आवक भी शुरू हो सकती है। गेहूं की फसल में दाना बनना शुरू हो गया है। इस फसल को मौसम के गर्म मिजाज से खतरा जरूर बना हुआ है।

### रेवाड़ी-सीकर ट्रेन का ढेहर का बालाजी स्टेशन तक विस्तार

**रेवाड़ी।** रेलवे की ओर से खाटूश्याम जी मेले के अवसर पर यात्रियों की सुविधा के लिए रेवाड़ी-सीकर-रेवाड़ी प्रतिदिन रेलसेवा का ढेहर का बालाजी स्टेशन तक विस्तार किया जा रहा है। उत्तर पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसम्पर्क अधिकारी अमित सुदर्शन के अनुसार गाड़ी संख्या 54804 रेवाड़ी-ढेहर का बालाजी रेलसेवा 28 फरवरी तक रेवाड़ी से प्रतिदिन दोपहर 3:10 बजे रवाना होकर सीकर स्टेशन पर रात्रि 8:50 बजे आगमन व 9 बजे प्रस्थान कर रात्रि 11:05 बजे ढेहर का बालाजी पहुंचेगी। इसी प्रकार गाड़ी संख्या 54803 ढेहर का बालाजी-रेवाड़ी रेलसेवा 25 फरवरी से 1 मार्च तक ढेहर का बालाजी से प्रतिदिन से सुबह 4:35 बजे रवाना होकर सीकर स्टेशन पर सुबह 6:40 बजे आगमन व 7:25 बजे प्रस्थान कर दोपहर 12:30 बजे रेवाड़ी पहुंचेगी।



# भूत बंगला से सामने आया अक्षय का नया लुक...

**मुंबई।** अक्षय कुमार की आगामी फिल्म 'भूत बंगला' अपनी घोषणा के बाद से ही लगातार चर्चाओं में बनी हुई है। इस हॉरर-कॉमेडी फिल्म के जरिए अक्षय कुमार और निर्देशक प्रियदर्शन की हिट जोड़ी 16 साल बाद बड़े पर्दे पर वापसी कर रही है। मंगलवार को मेकर्स ने फिल्म का एक नया मोशन पोस्टर जारी किया है। मेकर्स की ओर से जारी किए गए फिल्म के नए मोशन पोस्टर में अक्षय कुमार एक डरावने सिंहासन पर बैठे नजर आ रहे हैं। इस सिंहासन पर डरावने भूतों के सिर बने हुए हैं, जो मुंह फैलाते नजर आ रहे हैं।आंखों पर काला चश्मा लगाए अक्षय अपने गले और हाथों में कई रुद्राक्ष और अन्य मालाएं पहने हुए हैं।

लाइफ Style



# तमन्ना

## खुद का प्रीमियम जूलरी ब्रांड किया लॉन्च

तमन्ना भाटिया ने हाल ही में अपना खुद का प्रीमियम जूलरी ब्रांड 'तमन्ना फाइन जूलरी' लॉन्च किया है। 'शुगर' कॉस्मेटिक्स की सीईओ और को-फाउंडर विनीता सिंह ने कहा- अगर आप शार्क टैंक इंडिया में होतीं तो मैं अपने सारे निवेश आपके ब्रांड में लगा देती।'

एजेंसी ⏭ मुंबई

बॉलीवुड में ऐसे सितारों की कोई कमी नहीं जो एक्टिंग के साथ-साथ अलग-अलग तरह के बिजनेस में भी अपनी पहचान बनाने में जुटे हुए हैं। हाल ही में तमन्ना भाटिया ने भी इस लिस्ट में अपनी जगह बनाई है, जिसमें उन्होंने 'तमन्ना फाइन जूलरी' नाम से अपना खुद का प्रीमियम जूलरी ब्रांड लॉन्च किया है। हाल ही में एक बातचीत में तमन्ना ने भारत में कई सेलिब्रिटी-आधारित ब्रांड की असफलता पर बात करते हुए कहा कि खुद को वैसी असफलता से बचाने के लिए अपने ब्रांड के साथ शुरू से अंत तक गहराई से जुड़ी रहने के लिए तैयार हैं। 'शुगर' कॉस्मेटिक्स की सीईओ और को-फाउंडर विनीता सिंह के पॉडकास्ट पर बातचीत करते हुए तमन्ना ने कहा, 'मैं खुद को एक सेलिब्रिटी के रूप में नहीं देखती जो ब्रांड बना रही है। मैं खुद को एक फाउंडर के रूप में देखती हूं, जो इस ब्रांड को खड़ा करने की कोशिश कर रही है। कोई भी सिर्फ मेरे चेहरे के लिए इस तरह के महंगे उत्पाद में पैसा नहीं लगाएगा। मैं प्रॉडक्ट के प्रति ईमानदार हूं और अगर मेरा मकसद सिर्फ पैसा कमाना होता तो मैं कोई और कैटिगरी चुन सकती था। मैं इसकी जगह कोई ऐसा प्रॉडक्ट बना सकती थी जो बहुत फेमस होता और लोगों को खूब बिकता।'

हॉलीवुड मसाला



# अभिनय की दुनिया से खास नाता

**लॉस एंजिल्स।** मशहूर एक्टर रॉबर्ट कैराडाइन ने 71 वर्ष की आयु में अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली। 'रिवेंज ऑफ द नर्ड्स 'और 'लिजी मैकगायर' ने एक्टर को काफी पॉपुलर कर दिया था। रॉबर्ट अपने मानसिक स्वास्थ से काफी समय से जूझ रहे थे। रॉबर्ट कैराडाइन घर के सबसे छोटे बेटे थे। उनके पिता जॉन कैराडाइन एक मशहूर अमेरिकी अभिनेता थे। एक्टर के परिवार के ज्यादातर सदस्य फिल्मी दुनिया का हिस्सा रहे हैं। 1972 में जॉन वेन के साथ फिल्म 'द काउबॉयज' के साथ अपने अभिनय की शुरुआत की थी।



# इंडिया में परफॉर्म करने के लिए तैयार शकीरा...

**लॉस एंजिल्स।** ग्लोबल स्टार शकीरा इस साल भारत में फिर से एक बार शानदार परफॉरमेंस देने वाली हैं। इस बात की पुष्टि होने के बाद उनके फैंस काफी ज्यादा एक्साइटेड नजर आ रहे हैं। उन्होंने पिछली बार 2007 में इंडिया में परफॉर्म किया था। अब 19 साल बाद फिर से शकीरा अपना जलवा बिखेरने इंडिया आ रही हैं। लैटिन पॉप की ग्लोबल स्टार शकीरा इस अप्रैल भारत में लगभग 19 साल बाद धमाकेदार वापसी करने जा रही हैं। दिल्ली और मुंबई में शकीरा का कॉन्सर्ट होने वाला है। 2007 में अपने 'ऑरल फिक्सेशन टूर' के दौरान मुंबई में यादगार शो करने के बाद यह उनका पहला बड़ा कॉन्सर्ट होगा। रिपोर्ट्स के मुताबिक, उनका दिल्ली कॉन्सर्ट 15 अप्रैल 2026 को होने की संभावना है, हालांकि आयोजक जल्द ही इसकी आधिकारिक तारीख की घोषणा करेंगे।



# ईशा की इश्कां दे लेखे का ट्रेलर रिलीज

**मुंबई।** भारतीय एक्ट्रेस , मॉडल, डांसर, लोकप्रिय सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर और बिग बॉस 17 फेम ईशा मालवीय की पहली फिल्म 'इश्कां दे लेखे' का ऑफिशियल ट्रेलर सोमवार को रिलीज कर दिया गया। एक्ट्रेस रोमांटिक पंजाबी फिल्म से बड़े पर्दे पर डेब्यू करने के लिए तैयार हैं। चैनल ने मूवी का ट्रेलर रिलीज करते हुए डिस्क्रिप्शन में लिखा, 'एक बार फिर प्यार में पड़ने के लिए तैयार हो जाइए! स्पीड रिकॉर्ड्स प्रस्तुत करता है 2026 की सबसे बहुप्रतीक्षित पंजाबी प्रेम कहानी 'इश्कां दे लेखे' का ट्रेलर। शानदार गुरनाम भुल्लर और खूबसूरत ईशा मालवीय अभिनीत यह पंजाबी फिल्म उन सभी लोगों के लिए बनाई गई है, जिन्होंने कभी दिल से प्यार किया है।' मनवीर बरार की निर्देशित, 'इश्कां दे लेखे' बड़े पर्दे पर पंजाबी रोमांस को एक नई परिभाषा देने के लिए तैयार है।



# राजामौली-महेश में हुआ झगड़ा...

**मुंबई।** रामगोपाल वर्मा ने अपने एक्स (ट्विटर) अकाउंट पर एक वीडियो मंगलवार को पोस्ट किया। इस वीडियो में बाहुबली फेम डायरेक्टर एसएस राजामौली और साउथ के सुपरस्टार महेश बाबू जमकर लड़ रहे हैं। एक-दूसरे को पटपटकर मार रहे हैं। आखिर दोनों ऐसा क्यों कर रहे हैं। और इस बात को लेकर क्यों रामगोपाल वर्मा कह रहे हैं कि सिनेमा मर चुका है। दरअसल यह वीडियो किसी ने एआई से बनाया है। यह वीडियो बिल्कुल रियल और मजेदार लग रहा है। लेकिन एक निर्देशक होने के नाते रामगोपाल वर्मा को यह बात पसंद नहीं आई है। सिनेमा में एआई के ऐसे दखल से वह शायद नाराज हैं, इस वजह से उन्होंने पोस्ट में लिखा- सिनेमा मर चुका है। रामगोपाल वर्मा से पहले कई डायरेक्टर्स ने सिनेमा में एआई के इस्तेमाल पर सवाल किए।

टीवी मसाला



# कॅरियर के सबसे चैलेंजिंग रोल में से एक है सूबेदार : अनिल

**मुंबई।** अनिल कपूर की मच-अवेटेड फिल्म 'सूबेदार' अमेजन प्राइम वीडियो पर प्रीमियर के लिए तैयार है। सोमवार को मुंबई में फिल्म का ट्रेलर लॉन्च हुआ। इस मौके पर अनिल कपूर ने 'सूबेदार' में काम करने के अपने अनुभव के बारे में बताया।अनिल कपूर ने कहा, 'यह फिल्म मेरे लिए बहुत खास है। यह रोल मेरे लिए मेरे कॅरियर के सबसे चैलेंजिंग रोल में से एक है। मैंने इसे हमेशा की तरह पूरे दिल और जान से किया है। मैंने अपनी तरफ से कड़ी मेहनत की है। जैसा कि मैं हमेशा करता हूं। मुझे उम्मीद है कि आपको यह फिल्म और हमारा काम पसंद आएगा।' ट्रेलर में दिखाया गया है कि अनिल कपूर एक रिटायर्ड आर्मी ऑफिसर के रोल में हैं। वह एक शहर में आते हैं, जहां गुंडाराज चल रहा है। मोना सिंह एक माफिया यानी दीदी के रोल में हैं। उसका एक भाई है, जो लोगों पर जुल्म करता है। एक दिन वह अनिल कपूर की बेइज्जती कर देता है। उसके बाद एक्शन शुरू होता है। सूबेदार एक एक्शन फिल्म है। इसका निर्देशन सुरेश त्रिवेणी ने किया है। इसमें अनिल कपूर के अलावा मोना सिंह, राधिका मदान, सौरभ शुक्ला, मोना सिंह, आदित्य रावल, फैजल मलिक और खुशबू सुंदर भी हैं। यह फिल्म 5 मार्च को स्ट्रीम होगी। सूबेदार के अलावा अनिल कपूर कई प्रोजेक्ट्स में व्यस्त हैं। वह पिछले साल फिल्म 'वॉर 2' में नजर आए थे।


## शादी की चर्चा के बीच दुबई में नजर आईं तान्या



**नई दिल्ली।** बिग बॉस 19 फेम तान्या मित्तल हाल ही में लहंगे की शॉपिंग करती नजर आईं। जिसके बाद उनकी शादी को लेकर अटकलें लगनी लगीं। इसी बीच अब वह दुबई में हैं। एक वीडियो भी तान्या मित्तल ने साझा किया है। तान्या मित्तल ने रियलिटी शो 'बिग बॉस 19' में दर्शकों का खूब मनोरंजन किया था। अपनी अमीरी के किस्से वह शो में सुनाया करती थीं। हाल ही में वह दिल्ली के चांदनी चौक में लहंगे खरीदती दिखीं। लाल रंग का लहंगा भी तान्या से ट्राई किया। इसका वीडियो भी सोशल मीडिया पर मौजूद है। इसके बाद ही तान्या मित्तल के फैंस को लगा कि वह शादी करने वाली हैं। दुबई का वीडियो देखकर भी तान्या से फैंस ने पूछा कि वह अपने दूल्हे से कब मिलवा रही हैं। तान्या मित्तल अक्सर कहती हैं कि वह काफी अमीर हैं। लेकिन कई लोगों को लगता है कि वह झूठ बोलती हैं। लेकिन सोमवार को तान्या ने दुबई का एक वीडियो शेयर किया, जिसमें वह एक आलीशान होटल में ठहरी हैं और काफी महंगा ब्रेकफास्ट कर रही हैं।

# शहंशाह अकबर के रोल के लिए नंगे पैर गर्म रेत पर चलते थे पृथ्वीराज कपूर

*नई दिल्ली। पृथ्वीराज कपूर के पोते जतिन कपूर ने हाल ही में अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर 'मुगल-ए-आजम' में मशहूर 'शहंशाह वाली चाल' के पीछे की दिलचस्प और प्रेरणा देने वाली कहानी बताई। उन्होंने बताया कि फिल्म में मशहूर एक्टर की चाल पूरी लगन और लगातार प्रैक्टिस से पूरी हुई। पृथ्वीराज कपूर के लगन के बारे में बताते हुए जतिन ने कहा, 'फिल्म 'मुगल-ए-आजम' में, पहले ही सीन में शहंशाह को तपती रेगिस्तान की रेत में नंगे पैर चलते हुए दिखाया गया है। उस वॉक के लिए, मेरे नानाजी पृथ्वीराज कपूर ने बहुत रिहर्सल की थी। मुंबई की गर्मी में वह मुंबई के जुहू बीच पर 300 से 400 मीटर तक गर्म रेत पर नंगे पैर चलने की प्रैक्टिस करते थे।'*



## ज़िंदगी में कई शानदार रोल किए

अपने नानाजी के पैशन के बारे में बताते हुए उन्होंने कहा, 'पृथ्वीराज कपूर ने अपनी ज़िंदगी में कई शानदार रोल किए। उनकी तैयारी के पीछे की कहानियां भी उतनी ही शानदार हैं। जो इंसान अपने काम से सच्चा प्यार करता है और उसके लिए पैशन रखता है, वह किसी भी हद तक जा सकता है। उन्होंने अपने काम के प्रति अपने प्यार और डेडिकेशन के लिए अपने पैरों की कुर्बानी दे दी। अपना नोट खत्म करते हुए, जतिन ने कहा, 'सुनने के लिए आपका बहुत-बहुत धन्यवाद. मैं आप सभी का शुक्रगुजार हूं. मैं हमेशा रहूंगा।

## चप्पल पहनने से मना कर दिया

उन्होंने आगे बताया, 'जब सीन आखिरकार शूट हुआ, तो वह बिल्कुल वैसा ही था जैसा बताया गया था। यहां तक कि क्लोज-अप शॉट्स में भी, जहां उनके पैर नहीं दिख रहे थे। उन्होंने चप्पल पहनने से मना कर दिया। वह पूरी तरह असली दिखना चाहते थे। वॉक को फाइनल करने के प्रोसेस के बारे में बात करते हुए, जतिन ने कहा, कई दिनों तक प्रैक्टिस करने के बाद, उन्होंने पृथ्वी थिएटर के अपने कुछ साथियों को बुलाया और उन्हें अपनी वॉक देखने के लिए वहां खड़ा कर दिय।. वह बार-बार चलते रहे, जब तक किसी ने यह नहीं कहा कि अब ऐसा नहीं लग रहा कि पृथ्वीराज कपूर चल रहे हैं, बल्कि खुद शहंशाह चल रहे हैं। तभी उन्होंने वह चाल ठीक की।

# अमिताभ ने दिखाई कल्कि 2 के सेट की तस्वीरें

**मुंबई।** बॉलीवुड के महानायक अमिताभ बच्चन ने 83 साल की उम्र में भी काफी एक्टिव हैं। उन्होंने अब नाग अश्विन की फिल्म 'कल्कि 2898 एडी' के सीक्वल के लिए शूटिंग शुरू कर दी है। फिल्म 'कल्कि' में अमिताभ बच्चन पौराणिक किरदार अश्वत्थामा के रोल में दिखे थे। अब अमिताभ ने 'कल्कि 2' की शूटिंग शुरू कर दी है अमिताभ बच्चन ने 'कल्कि 2' के सेट से अपनी कई शानदार तस्वीरें शेयर की हैं। इन तस्वीरों में से एक में वो कमल हासन से गले लगते दिख रहे हैं। पर्दे के पीछे की इन तस्वीरें को शेयर करते हुए उन्होंने 40 साल बाद कमल हासन के साथ फिर से काम करने पर खुशी जाहिर की है। इस बार अमिताभ करीब चार दशकों के बाद एक कमल हासन के साथ स्क्रीन शेयर करेंगे। अमिताभ ने इन झलकियों को शेयर करते हुए लिखा है, 'और महान कमल हासन से मुलाकात... हम सालों बाद साथ काम करेंगे। उन्होंने बताया कि आखिरी बार फिल्म 'गिरफ्तार' में दोनों ने साथ काम किया था। यानी साफ है कि पिछली फिल्म की शूटिंग के दौरान दोनों एक्टर की मुलाकात नहीं हो पाई। अमिताभ ने फिल्म को




लेकर कहा है, 'कल्कि 2 ने काम शुरू कर दिया है... और रविवार को उनकी उपस्थिति की प्रतीक्षा में हमेशा प्यार और स्नेह को संजो कर रखेंगे... लेकिन उम्मीद है कि आने वाले रविवार को हम सभी के साथ होंगे।' यहां बता दें कि इस शूटिंग की वजह से पिछले रविवार को अमिताभ अपने फैन्स से मिलने घर से बाहर नहीं निकले थे और बरसों की परंपरा टूट गई।

## परिवार को नहीं था मंजूर संगीत का रास्ता

# 6 रुपए में गाया पहला गाना, दर्द भरी आवाज से जीता देश का दिल

*नई दिल्ली। भारतीय फिल्म संगीत की दुनिया में कुछ आवाजें समय के साथ पुरानी नहीं पड़तीं, बल्कि और गहरी होती चली जाती हैं। ऐसी ही दिल को छू लेने वाली आवाज थी तलत महमूद की। उनकी गायकी में दर्द भी था, मिठास भी थी, और शायरी की खूबसूरती भी, लेकिन बहुत कम लोग जानते हैं कि जिस आवाज ने लाखों लोगों के दिल जीते, कभी उसी आवाज को अपने पहले गाने के लिए सिर्फ छह रुपए मिले थे। तलत महमूद का जन्म 24 फरवरी 1924 को लखनऊ में एक रूढ़िवादी मुस्लिम परिवार में हुआ था। उनके परिवार में संगीत को अच्छा पेशा नहीं माना जाता था, लेकिन बचपन से ही तलत को गाने का शौक था। वे रात-रात भर चलने वाले संगीत कार्यक्रमों में बैठते और बड़े गायकों को ध्यान से सुनते थे। कम उम्र में ही उनकी आवाज में एक अलग तरह की मिठास थी. यही मिठास आगे चलकर उनकी पहचान बनी।*



## मीर और दाग जैसे शायरों की गजलें गाते थे

उन्होंने ऑल इंडिया रेडियो, लखनऊ से गाना शुरू कर दिया। वे मीर और दाग जैसे शायरों की गजलें गाते थे। साल 1941 में उनका पहला गाना रिकॉर्ड हुआ। यह गाना ग्रामोफोन कंपनी एचएफवी के लिए था और इसके बदले उन्हें महज 6 रुपए मेहनताना मिला था। आज के समय में यह रकम बहुत छोटी लगती है, लेकिन उसी छोटे से भुगतान ने एक बड़े सफर की शुरुआत की। उनकी आवाज इतनी पसंद की गई कि लोग उनसे और गानों की मांग करने लगे।

## कुछ फिल्मों में अभिनय भी किया

1944 में उनका गाना 'तस्वीर तेरी दिल मेरा बहला न सकेगी' काफी लोकप्रिय हुआ। इसके बाद वे कलकत्ता चले गए, जहां उन्होंने कुछ फिल्मों में अभिनय भी किया और गाने भी गाए। उस दौर में वे 'तपन कुमार' नाम से भी गाते थे। 1949 में वे मुंबई आ गए और यहीं से उनका असली सुनहरा दौर शुरू हुआ। 1950 और 1960 के दशक में वे हिंदी फिल्मों के सबसे पसंदीदा गायकों में गिने जाने लगे। उनके गाने इतना न मुझसे तू प्यार बढ़ा, फिर वही शाम, वही गम, ये हवा ये रात, मिलते ही आंखें दिल हुआ दिवाना और तस्वीर बनाता हूं जैसे गाने लोगों के दिलों में उतर गए।



## पद्म भूषण से हुए सम्मानित

उन्हें 1992 में भारत सरकार ने पद्म भूषण से सम्मानित किया। यह सम्मान उनके लंबे और शानदार योगदान की पहचान था। उन्होंने लगभग चार दशकों तक गाया और सैकड़ों गीतों को अपनी आवाज दी। 9 मई 1998 को 74 साल की उम्र में उनका निधन हो गया, लेकिन उनकी आवाज आज भी रेडियो, टीवी और संगीत प्रेमियों के दिलों में जिंदा है।

## दिलीप कुमार के लिए कई गानों में आवाज दी

उनकी आवाज अभिनेता दिलीप कुमार पर खास तौर पर जंचती थी। उन्होंने दिलीप कुमार के लिए कई गानों में आवाज दी, जिनमें 'हमसे आया न गया', ऐ दिल मुझे ऐसी जगह ले चल, हम दर्द के मारों का, कोई नहीं मेरा इस दुनिया में और सीने में सुलगते हैं अरमां जैसे गाने शामिल हैं। तलत महमूद की खास बात यह थी कि वे गानों के बोल को बहुत ध्यान से पढ़ते थे। अगर उन्हें शब्द अच्छे नहीं लगते तो वे गाना गाने से मना कर देते थे। हालांकि, समय के साथ संगीत का रुख बदला और तेज, ऊंची आवाज वाले गीत ज्यादा पसंद किए जाने लगे। इससे उनका कॅरियर थोड़ा धीमा पड़ गया, लेकिन उनकी पहचान कभी कम नहीं हुई।

**खबर संक्षेप**

### राज्य स्तरीय महिला महासम्मेलन करनाल में

**रेवाड़ी।** पतंजलि योगपीठ हरिद्वार के तत्वावधान में महिला पतंजलि योग समिति एवं भारत स्वाभिमान ट्रस्ट करनाल के संयुक्त सहयोग से आगामी 1 मार्च को राज्य स्तरीय महिला महासम्मेलन का आयोजन नई अनाज मंडी जीटी रोड करनाल में प्रातः 10 से दोपहर एक बजे तक किया जाएगा। अमर रवीश ने कहा कि सम्मेलन का उद्देश्य महिलाओं को योग, संस्कार, स्वास्थ्य एवं राष्ट्र निर्माण के प्रति जागरूक करना है। कार्यक्रम में आध्यात्मिक विषयों पर विचार-विमर्श के साथ योग के महत्व पर प्रकाश डाला जाएगा।

### क्षेत्र के गांव से 20 वर्षीय युवती लापता

**कोसली।** क्षेत्र के गांव से एक युवती बिना किसी को कुछ बताए घर से लापता हो गई। युवती के पिता ने नाहड़ पुलिस चौकी में दी गुमशुदगी की शिकायत में बताया कि रविवार शाम उनकी 20 वर्षीय बेटी बिना बताए घर से चली गई। उन्होंने अपने स्तर पर उसकी तलाश की, लेकिन उसका कोई पता नहीं चल पाया। पुलिस ने पिता की शिकायत पर गुमशुदगी का मामला दर्ज कर लिया है।

### युवा के बल पर भारत बनेगा विश्व गुरु : गौतम

**नांगल चौधरी।** शहीद मेजर सतीश दहिया राजकीय महाविद्यालय द्वारा आयोजित राष्ट्रीय सेवा योजना शिविर के पांचवें दिन यादव धर्मशाला में सवेरा स्वयंसेवी संस्था के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. मनोज गौतम मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम का मंच संचालन प्रोफेसर कविता ने किया। एनएसएस अधिकारी डॉ. सतीश ने मुख्य अतिथि का स्वागत करते हुए उनके सामाजिक योगदान की सराहना की। उन्होंने बताया कि डॉक्टर मनोज गौतम नेशनल और स्टेट लेबर पर बहुत अच्छा कार्य कर रहे हैं। डॉ. सतीश ने बताया कि पांचवें दिन सुबह के सत्र में वॉलिंटियर्स ने बाबा मुकुंद दास गौशाला में सेवा के कार्य किया।

### बास किरारोद ढाणी में हेल्थ कैंप आयोजित

**नारनौल।** पशुपालन विभाग द्वारा बास किरारोद उमराबाद की ढाणी में एक दिवसीय डिवॉर्मिंग–कम–हेल्थ कैंप का आयोजन किया गया। इस अवसर पर सरकारी चिकित्सा अधिकारी डॉ. दीपिका कटारिया ने किसानों को पशुओं की विभिन्न बीमारियों के बारे में जानकारी दी। उन्होंने दुग्ध उत्पादन बढ़ाने वाली पशुओं में थनेला रोग के नियंत्रण के बारे में जागरूक किया। पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ. अंकित ने किसानों को आपातकालीन समय में एम्बुलेंस द्वारा दी जाने वाली सेवाओं के बारे में जानकारी दी।

### भगत सिंह बस्ती में हिंदू सम्मेलन का आयोजन

**नारनौल।** नगर की भगत सिंह बस्ती स्थित श्री कड़ियावाला हनुमान मंदिर में मंगलवार को भव्य एवं प्रेरणादायक हिंदू सम्मेलन का आयोजन किया गया। सम्मेलन से पूर्व क्षेत्र में दो भव्य ध्वज यात्राएं निकाली गई, जिनमें आसपास के क्षेत्रों से बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। पहली ध्वज यात्रा ग्राम ढाणी कोजिंदा से निकाली गई, जिसमें 400 से अधिक महिलाओं ने अनुशासित एवं भक्तिमय वातावरण में सहभागिता की।

## कुंड रेलवे स्टेशन पर श्याम प्रेमियों के लिए लगाया गया सेवा शिविर

**यूपी, बिहार व दिल्ली से रोजाना हजारों श्रद्धालु निशान लेकर पहुंच रहे खाटू**

# श्याम सेवा शिविर में भक्ति का माहौल, भजनों से गूंजा पंडाल


रेवाड़ी। श्याम सेवा शिविर में भजन–कीर्तन करती महिलाएं। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶। रेवाड़ी

खाटू श्याम बाबा के भक्तों के लिए कुंड रेलवे स्टेशन के सामने 11वां वार्षिक सेवा शिविर लगाया गया है। श्री श्याम मित्र मंडल की ओर से प्रति वर्ष सेवा शिविर लगाकर श्याम प्रेमियों को सेवा व सुविधा दी जाती है। शिविर में प्रतिदिन हजारों की संख्या में श्याम भक्त आ रहे हैं। हरियाणा सहित, उत्तर प्रदेश, बिहार व अन्य राज्यों से श्याम भक्त निशान लेकर जा रहे हैं। भक्तों की भारी भीड़ से क्षेत्र में भक्ति व श्रद्धा का माहौल बना हुआ है। शिविर में श्याम भक्तों के लिए सभी आवश्यक व्यवस्थाएं की गई हैं। पंडाल पूरे दिन महिलाओं के भजनों और कीर्तनों से गूंजता रहता है, जो भक्ति की मधुर वातावरण बनाता है। मंडल के सदस्यों ने बताया कि प्रतिदिन हजारों भक्त दूर-दराज से यहां आते हैं और शिविर उनकी यात्रा में महत्वपूर्ण पड़ाव बनता है। श्रद्धालुओं के लिए खाने-पीने, आराम और चिकित्सा की सुविधा की गई है। शिविर में चंद्रपाल, डा. वेदप्रकाश, पवन सैनी, रामजस, टेकचंद, मनमोहन, राहुल सैनी, रवि शर्मा, साहिल सैनी, सोनू, मोहित सैनी, कान्हा, गिरिराज, गौरव, झम्मन व शशि सहित अनेक श्याम भक्त सेवा देने में जुटे हुए है।

## श्याम बाबा पूरी करते हैं श्रद्धालुओं की सभी मनोकामना: पवन कुमार

हरिभूमि न्यूज. खोरी

पीथनवास गांव से लगातार सातवीं बार खाटू धाम के लिए पदयात्रा पर निकले सरपंच पवन कुमार ने कहा कि खाटू वाले श्री श्याम बाबा अपने सभी भक्तों की मनोकामना पूरी करते हैं। बाबा के दरबार में सच्चे मन से जाने वाले भक्त कभी खाली हाथ नहीं लौटता। उसकी झोलियां खुशियों से भर जाती हैं।

उन्होंने बताया कि श्याम भक्त रास्ते में जगह-जगह शिविर लगाकर सेवाएं दे रहे हैं, जिससे पदयात्रा का रास्ता आसान हो जाता है। शिविरों में सच्चे मन से श्याम भक्तों की सेवा की जाती है। इस मौके पर एडवोकेट सचिन, अभिषेक, नवीन, शशिकांत, सचिन यादव, विक्की श्रद्धालु मौजूद थे।


रेवाड़ी। खाटूश्याम के लिए पदयात्रा में शामिल श्रद्धालु। फोटो : हरिभूमि

## 2 किलोवाट पर 60 हजार तक सब्सिडी दे रही सरकार: डीसी

हरिभूमि न्यूज ▶▶। रेवाड़ी

प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना केंद्र व प्रदेश सरकार की ओर से चलाई जा रही योजनाओं में एक महत्वपूर्ण योजना है। योजना के तहत बिजली उपभोक्ताओं को बिल से राहत प्रदान कर आर्थिक रूप से सशक्त बनाया जा रहा है साथ ही सौर ऊर्जा के उपयोग को बढ़ावा देकर पर्यावरण संरक्षण में भी महत्वपूर्ण योगदान दिया जा रहा है। डीसी अभिषेक मीणा ने बताया कि केंद्र एवं प्रदेश सरकार की संयुक्त पहल के चलते सोलर रूफटॉप सिस्टम अब अत्यंत किफायती हो गया है। पात्र परिवारों को दी जा रही सब्सिडी के कारण सोलर सिस्टम लगवाना लगभग निःशुल्क के समान हो गया है। जिन उपभोक्ताओं के लिए प्रारंभिक निवेश करना संभव नहीं है, उनके लिए सरकारी बैंकों के माध्यम से न्यूनतम ब्याज दर पर ऋण सुविधा भी उपलब्ध कराई गई है। उन्होंने बताया कि दो किलोवाट क्षमता का सोलर सिस्टम प्रतिदिन लगभग 8 से 10 यूनिट बिजली उत्पादन करता है, जिससे मासिक उत्पादन करीब 300 यूनिट तक पहुंच जाता है। यह एक मध्यमवर्गीय परिवार की आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए पर्याप्त है और इससे बिजली बिल लगभग शून्य हो सकता है।


डीसी अभिषेक मीणा।

डीसी ने बताया कि योजना के तहत अंत्योदय परिवार जिसकी वार्षिक आय 1.80 लाख रुपए तक एवं वार्षिक खपत 2400 यूनिट तक है, उन्हें 2 किलोवाट सोलर सिस्टम पर केंद्र सरकार से 60 हजार रुपए तथा हरियाणा सरकार से 50 हजार रुपए कुल 1 लाख 10 हजार रुपए की सब्सिडी प्रदान की जा रही है। तीन लाख रुपए तक वार्षिक आय एवं 2400 यूनिट वार्षिक खपत वाले परिवारों को 2 किलोवाट पर केंद्र से 60 हजार रुपए और प्रदेश सरकार से 20 हजार रुपए, कुल 80 हजार रुपए का अनुदान दिया जा रहा है। इसके अलावा तीन लाख रुपए से अधिक आय वाले घरेलू उपभोक्ताओं को केंद्र सरकार द्वारा 1 किलोवाट पर 30 हजार रुपए, 2 किलोवाट पर 60 हजार रूपए तथा 3 किलोवाट तक की क्षमता पर कुल अधिकतम 78 हजार रुपए की सब्सिडी उपलब्ध कराई जा रही है। इच्छुक उपभोक्ता घर बैठे आधिकारिक पोर्टल पीएमसूर्यघर.जीओवी.इन पर ऑनलाइन पंजीकरण कर सकते हैं

## नाबालिग से रेप व मर्डर पर डीसी को ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶। रेवाड़ी

राजस्थान के रंजीतपुरा में नाबालिग से रेप के बाद हत्या के मामले में पीड़ित परिवार को न्याय की मांग पर सेन समाज के लोगों ने डीसी को प्रधानमंत्री के नाम का ज्ञापन दिया। ज्ञापन में आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की गई है।

मंगलवार को सेन समाज के जिलाध्यक्ष सुरेंद्र पाल के नेतृत्व में समाज के लोग जिला सचिवालय पहुंचे। उन्होंने डीसी अभिषेक मीणा से मिलकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नाम का ज्ञापन दिया।

इससे पहले सेन समाज के लोगों ने घटना के विरोध में प्रदर्शन भी किया। ज्ञापन में समाज के लोगों ने कहा कि राजस्थान में हुई इस बर्बर घटना की जितनी निंदा की जाए, उतनी कम है। पीएम मोदी राजस्थान सरकार को निर्देश देकर पीड़ित परिवार को न्याय दिलाने का काम करें। इस जघन्य कांड के दोषियों को तत्काल कड़ी से कड़ी सजा दिलाई जाए। साथ ही पीड़ित परिवार को हर संभव मदद प्रदान की जाए।



रेवाड़ी। शहर में प्रदर्शन करते सेन समाज के लोग। फोटो : हरिभूमि

## एसबीआई ने सीएसआर के तहत पीएचसी लिलोढ़ में बांटे उपकरण

■ पीएचसी को वाटर कूलर, फ्रिज, स्टूल व कुर्सियां प्रदान की गई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कोसली

भारतीय स्टेट बैंक की ओर से कॉर्पोरेट सोशल रिस्पॉन्सिबिलिटी यानि सीएसआर गतिविधि के तहत प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र लिलोढ़ में करीब दो लाख रुपये के आवश्यक उपकरण एवं सामग्री दी गई। पीएचसी को वाटर कूलर, फ्रिज, बैड, स्ट्रेचर, स्टूल, टेबल तथा मरीजों के बैठने के लिए कुर्सियां प्रदान की गईं। इस अवसर पर बैंक से मुख्य प्रबंधक महेश चंद्र, प्रबंधक महेश यादव, उप प्रबंधक एचआर रानू यादव तथा कैशियर राहुल यादव उपस्थित थे। स्वास्थ्य केंद्र से एसएमओ विक्रम सिंह, डिप्टी सिविल सर्जन दीपक वर्मा व हैल्थ इंस्पेक्टर देवकरण सहित अन्य स्टाफ सदस्यों ने बैंक का सहयोग के लिए आभार व्यक्त किया। इस मौके पर एसएमओ ने कहा कि उपकरणों से स्वास्थ्य केंद्र की मूलभूत सुविधाओं में सुधार होगा तथा मरीजों को बेहतर सेवाएं उपलब्ध हो सकेगी।



रेवाड़ी। पीएचसी में उपकरण भेंट करते बैंक अधिकारी। फोटो : हरिभूमि

## पेंशनर्स व रिटायरिज एसोसिएशन की बैठक में पेंशन अपडेशन पर हुई चर्चा

■ होली मिलन समारोह पर जल्द आयोजित होगी अहम बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶। रेवाड़ी

मंगलवार को अखिल भारतीय पंजाब नेशनल बैंक पेंशनर्स एवं रिटायरीज एसोसिएशन जिला यूनिट की कार्यकारिणी की बैठक का आयोजन अंबेडकर भवन आजाद चौक पर जीत सिंह टाईगर की अध्यक्षता में किया गया।

एसोसिएशन के जिला सचिव नारायण सिंह तंवर ने सर्वप्रथम सभी का स्वागत किया। बैठक में विभिन्न मदों पर विचार विमर्श किया गया। इस मौके पर रिटायरिज स्टाफ के लिए पेंशन अपडेशन सहित विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की गई। होली मिलन कार्यक्रम को लेकर चर्चा की गई। बैठक में निर्णय लिया गया कि होली पर्व के उपलक्ष्य में शीघ्र ही आगामी बैठक का आयोजन किया जाएगा। बैठक में एमएल तनेजा, राजेश कुमार, योगेश परमार, राजेंद्र सिंह अलवरिया, हरिदत्त रूस्तगी, एचएस तोबड़िया, कैलाश चंद, सुभाष चंद व वेद प्रकाश शर्मा उपस्थित थे। जिलाध्यक्ष ने सभी सदस्यों का आभार व्यक्त किया।



रेवाड़ी। बैठक में मौजूद एसोसिएशन के पदाधिकारी। फोटो : हरिभूमि

## पेपर प्रेजेंटेशन प्रतियोगिता में खुशी प्रथम

■ प्रतियोगिताएं छात्रों में आत्मविश्वास व गहन समझ को करती हैं विकसित

हरिभूमि न्यूज ▶▶। रेवाड़ी

अहीर कॉलेज में अर्थशास्त्र विभाग की ओर से विद्यार्थियों की शैक्षणिक प्रतिभा और शोध क्षमता को प्रोत्साहित करने के लिए पेपर प्रेजेंटेशन गतिविधि का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बीए व बीकॉम के विद्यार्थियों ने भाग लिया।

कार्यक्रम का शुभारंभ कॉलेज प्राचार्य डा. उर्मिला शर्मा ने किया। उन्होंने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि ऐसी प्रतियोगिताएं छात्रों के आत्मविश्वास एवं विषय की गहन समझ को विकसित करती हैं।

प्रतियोगिता में निर्णायक के रूप में डा. मीनाक्षी यादव एवं संजीव कुमार उपस्थित थे। प्रतियोगिता में हिमांशु तृतीय वर्ष ने प्रथम स्थान, खुशी प्रथम वर्ष ने द्वितीय तथा आशना व दीक्षा तृतीय वर्ष ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। विभागाध्यक्ष डा. अल्पना यादव ने सभी विजेताओं को बधाई दी।


रेवाड़ी। प्रतियोगिता में भाग लेते हुए छात्र व उपस्थित प्रोफेसर। फोटो : हरिभूमि

## महिला रीजनल सेंटर में भगत फूल सिंह की 141वीं जयंती का आयोजन

# फूल सिंह का जीवन त्याग व निस्वार्थ का प्रतीक: डा. यशपाल

**भगत फूल सिंह ने महिला शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए क्षेत्र में कई स्कूल व कॉलेज खोले**

हरिभूमि न्यूज ▶▶। कोसली

कृष्ण नगर स्थित महिला रीजनल सेंटर में मंगलवार को भगत फूल सिंह की 141वीं जयंती के अवसर पर सभा का आयोजन किया गया।

इस अवसर पर भगत फूल सिंह के जीवन और शिक्षा क्षेत्र में उनके योगदान को याद किया गया। रीजनल सेंटर के स्टाफ व छात्राओं ने भगत फूल सिंह के चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि अर्पित की। निदेशक डा. यशपाल शर्मा ने बताया कि भगत फूल सिंह ने महिला शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए कई स्कूल और कॉलेज स्थापित किए, जिनमें भगत फूल सिंह महिला विश्वविद्यालय भी शामिल है। उन्होंने कहा कि भगत फूल सिंह का जीवन त्याग और निस्वार्थ का प्रतीक है।


रेवाड़ी। भगत फूल सिंह को श्रद्धासुमन अर्पित करती छात्राएं। फोटो : हरिभूमि

**ये रहे उपस्थित**

डा. अनिल कुमार ने कहा कि उन्होंने नारी शिक्षा के महत्व को समझते हुए अपने जीवन से सिद्ध किया कि शिक्षा ही वह ज्योति है, जो समाज के अंधकार को दूर करती हैं। इस अवसर पर डा. अनिता देवी, रीनू यादव, सुनिता यादव,अंजलि यादव, डा. प्रवेश कुमारी, डा. राकेश कुमार, प्रदीप कुमार, सोनिया यादव, डा. अंजलि पांचाल, पूजा, नीलम यादव, योगेन्द्र सिंह, अजय पाल, ज्योति यादव, कृष्ण कुमार, अशोक कुमार, बीरेन्द्र, सविता, सुखबीर, अंजू, बिंदु यादव, मधु बाला, सनिता यादव, जयभगवान, रविन्द्र, सुशीला व निर्मला सहित अनेक छात्राएं उपस्थित थीं।

## 14 को होगा राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन

**रेवाड़ी।** न्यायिक परिसर में 14 मार्च को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। सीजेएम अमित वर्मा ने कहा कि राष्ट्रीय लोक अदालत का मुख्य उद्देश्य लंबित मामलों का आपसी समझौते के माध्यम से त्वरित निपटारा कराना है। लोक अदालत में ट्रैफिक चालान, बैंक रिकवरी, मोटर वाहन दुर्घटना अधिनियम, पारिवारिक विवाद, दीवानी एवं फौजदारी मामले, श्रम विवाद, भूमि अधिग्रहण, बिजली-पानी के बिलों तथा राजस्व आदि का निपटारा किया जाएगा।

**सूचना**

हम, 1. प्रवीन कुमार पुत्र श्री रामनिवास 2. कविता पत्नी श्री प्रवीन कुमार पुत्र श्री रामनिवास निवासीगण गांव चान्दावास, तह. व जिला रेवाड़ी, हाल आबाद घीसा नगर पार्ट-2, गली नं. 3, रेवाड़ी बयान करते हैं कि हमारा पुत्र हार्दिक यादव हमारे कहने-सुनने से बाहर हैं। इसलिये हम इसको अपनी चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल करते हैं। इससे लेन-देन, व्यवहार करने वाले स्वयं जिम्मेवार होंगे। हमारी व हमारे परिवार की कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

**ग्राम पंचायत मसीत**
ब्लॉक डहीना, जिला रेवाड़ी-123411, मो. 8168721845, 941676176

**सार्वजनिक सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत मसीत में जलकर्मी का पद रिक्त है। इच्छुक व्यक्ति दिनांक 25.02.2026 से दिनांक 22.03.2026 तक अपने आवेदन सरपंच ग्राम पंचायत मसीत व खण्ड कार्यालय डहीना में शाम 5.00 बजे तक जमा करवाएं।

हस्ता/- सरपंच
ग्राम पंचायत मसीत, जिला रेवाड़ी (हरियाणा)

## खबर संक्षेप

### भारती ने लाइफ साइंस में नेट परीक्षा की पास

**कोसली।** भूरथला गांव निवासी भारती ने लाइफ साइंस विषय में यूजीसी जेआरएफ परीक्षा में असिस्टेंट प्रोफेसर व पीएचडी की पात्रता प्राप्त कर अपने परिजनों व गांव का नाम रोशन किया है। भारती ने ऑल इंडिया में 98.77 प्रतिशत व 126वां स्थान प्राप्त किया। गांव की सरपंच रामकला देवी, पूर्व सरपंच श्योराज, महासिंह नंबरदार, दयावान व इंद्रजीत ने इस उपलब्धि पर भारती के उज्जवल भविष्य की कामना की है।



भूरथला गांव निवासी भारती

### टींट की अन्नू ने नेट जेआरएफ किया क्लियर

**कुंड।** खंड खोल के गांव टींट निवासी अन्नू ने लाइफ साइंस विषय में सीएसआईआर-यूजीसी नेट जेआरएफ क्लियर गांव और परिवार का नाम गौरवान्वित किया है। अन्नू ने परीक्षा में अखिल भारतीय रैंक 72 प्राप्त की है। अन्नू ने अपनी सफलता का श्रेय अपने दादा ससुर महावीर सिंह यादव, ससुर समाजसेवी जितेंद्र बिल्लू, सास अनीता, अपने पिता शेरसिंह,माता सुषमा और पति देवेश सहित गुरुजनों को दिया है।



अन्नू यादव

### सुप्रिया ने सीएसआईआर यूजीसी नेट परीक्षा की उत्तीर्ण

**रेवाड़ी।** शहर के सेक्टर-4 निवासी सुप्रिया ने सीएसआईआर यूजीसी नेट (लाइफ साइंस) की प्रतिष्ठित परीक्षा उत्तीर्ण कर जूनियर रिसर्च फेलोशिप हासिल करके क्षेत्र का नाम रोशन किया है। उन्होंने अपनी बीएससी की पढ़ाई केएलपी कॉलेज तथा एमएससी की पढ़ाई जयपुर से पूर्ण की है। मूलरूप से गांव बगथला निवासी सुप्रिया ने अपनी सफलता का श्रेय नियमित अध्ययन, कठिन परिश्रम और परिवारजनों के सहयोग को दिया है। सुप्रिया के पति अमित यादव भी शैक्षणिक क्षेत्र में अपनी पहचान बना चुके हैं। पिछले वर्ष अमित यादव ने भूगोल विषय में लगातार नेट परीक्षा उत्तीर्ण कर जेआरएफ हासिल किया था।



सुप्रिया यादव

## कार्रवाई के बावजूद कॉलोनाइजर व डीलर नई कॉलोनियां विकसित करने में लगे

# डीटीपी का पीला पंजा चला, छह एकड़ में अवैध कॉलोनियां की जमींदोज





**रेवाड़ी।** गोकलगढ़ में अवैध कॉलोनी का निर्माण तोड़ती जेसीबी व पटौदी रोड पर अवैध कॉलोनी का निर्माण तोड़ती जेसीबी। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रेवाड़ी

डीटीपी विभाग की टीम ने मंगलवार को रेवाड़ी-झज्जर रोड व रेवाड़ी-पटौदी रोड की राजस्व सीमा में अवैध रूप से विकसित की जा रही दो कॉलोनियों पर एक्शन लिया तथा निर्माणों पर तोड़फोड़ की कार्रवाई की। अवैध कॉलोनियों पर डीटीपी की लगातार चल रही कार्रवाई से प्लॉटिंग करने वाले लोगों में खलबली मची हुई है। पुलिसबल की मौजूदगी में डीटीपी की कार्रवाई का कहीं विरोध नहीं हुआ। डीटीपी की कार्रवाई के बाद भी कॉलोनाइजर व डीलर नई कॉलोनियां विकसित करने में लगे हुए हैं। डीटीपी के निर्देश पर मंगलवार को पुलिसबल व ड्यूटी मजिस्ट्रेट के साथ टीम रेवाड़ी-झज्जर रोड स्थित गांव गोकलगढ़ की सीमा में पहुंची। जहां डीटीपी की टीम ने करीब 3 एकड़ जमीन पर विकसित की जा रही अवैध कॉलोनी का ध्वस्त कर दिया। टीम ने 13 डीपीपी, 4 परिकास्ट चारदिवारी व कच्चे रोड नेटवर्क को समतल कर दिया। इसके अलावा डीटीपी की टीम ने रेवाड़ी-पटौदी रोड स्थित गांव ढोहकी की राजस्व सीमा में करीब 3 एकड़ जमीन पर विकसित हो रही अवैध कॉलोनी पर कार्रवाई की। टीम ने अवैध कॉलोनी में 5 डीपीसी, 2 परिकास्ट चारदिवारी व कच्चे रोड नेटवर्क पर तोड़फोड़ की कार्रवाई की। पुलिस बल की मौजूदगी के चलते डीटीपी की इस कार्रवाई का कोई विरोध नहीं हुआ।

### नियमित कॉलोनियों में ही प्लॉट या मकान खरीदें: डीटीपी



डीटीपी मंदीप सिहाग ने कहा कि विभाग की ओर से ऐसे लोगों के खिलाफ कार्रवाई लगातार जारी रहेगी, जिन्होंने अनियमित कॉलोनियों में निर्माण किए हैं। डीटीपी ने कहा कि लोगों को बार-बार यह बताया जाता है कि वह प्लॉट खरीदने से पहले उनके कार्यालय में आकर पूछताछ जरूर करें। लोग प्रॉपर्टी डीलरों में चंगुल में फंसकर अवैध कॉलोनियों में प्लॉट खरीदते हैं। जब वह निर्माण शुरू करते हैं, तो विभाग की ओर से उन्हें गिराने की कार्रवाई की जाती है। इससे प्लॉट खरीदकर निर्माण करने वाले लोगों को दोहरा नुकसान उठाना पड़ता है। लोगों को चाहिए कि वह नियमित कॉलोनियों में ही प्लॉट या मकान खरीदें, ताकि उन्हें आर्थिक नुकसान का सामना नहीं करना पड़े।

## नगर परिषद रेवाड़ी व नपा धारूहेड़ा के लिए रिवाइजिंग अथॉरिटी किए नियुक्त

» दावों और आपत्तियों का करेंगे निपटान, 27 मार्च को अंतिम वोटर लिस्ट का प्रकाशन

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रेवाड़ी



डीसी अभिषेक मीणा।

नगर परिषद रेवाड़ी व नगर पालिका धारूहेड़ा के आम चुनाव के लिए राज्य निर्वाचन आयोग की ओर से मतदाता सूची तैयार करने का शेड्यूल जारी किया गया है। 27 मार्च तक मतदाता सूची तैयार की जाएगी। जिला निर्वाचन अधिकारी एवं डीसी अभिषेक मीणा ने बताया कि राज्य निर्वाचन आयोग की ओर से जारी अधिसूचना की पालना में नगर परिषद व नगर पालिका के आगामी आम चुनाव के लिए मतदाता सूची तैयार करने तथा दावें व आपत्तियों की सुनवाई के लिए रिवाइजिंग अथॉरिटी नियुक्त किए गए है। डीसी ने बताया कि हरियाणा नगर निगम चुनाव नियम 1994 धारा-3 4(क) के तहत वार्ड वाइज संशोधित प्राधिकारी व सहायक प्राधिकारी नियुक्त किए है। उन्होंने बताया कि नगर परिषद रेवाड़ी में वार्ड 1 से 6 के लिए एसडीएम रेवाड़ी सुरेश कुमार, वार्ड 7 से 11 के लिए एसडीएम कोसली विजय कुमार यादव, वार्ड 12 से 17 के लिए एसडीएम बावल मनोज कुमार, वार्ड 18 से 22 के लिए हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण के कार्यकारी अधिकारी दीपक घनगस, वार्ड 23 से 27 के लिए जीएम रोडवेज निरंजन शर्मा तथा वार्ड 28 से 32 के लिए डीआरओ प्रदीप देशवाल को संशोधित प्राधिकारी नियुक्त किया गया है। वहीं नगर पालिका धारूहेड़ा में वार्ड 1 से 9 के लिए जिला खाद्य एवं आपूर्ति अधिकारी नितिश कुमार सिंगला व वार्ड 10 से 18 के लिए नायब तहसीलदार धारूहेड़ा अजय मलिक को संशोधित प्राधिकारी नियुक्त किया गया है।

### ड्राफ्ट तैयार किया जा रहा

डीसी ने बताया कि नगर परिषद रेवाड़ी व नगर पालिका धारूहेड़ा के आगामी आम चुनाव के मद्देनजर वार्ड वाइज मतदाता सूची का ड्राफ्ट तैयार किया जा रहा है। 27 फरवरी तक ड्राफ्ट रोल तैयार करने का कार्य किया जाएगा। इसके बाद 28 फरवरी को प्रारूप मतदाता सूची का प्रकाशन व दावे और आपत्तियां दर्ज कराई जा सकेंगी। संशोधित प्राधिकारी के पास दावे और आपत्तियां दर्ज कराने की अंतिम तिथि 7 मार्च होगी और 12 मार्च तक उनका निपटारा किया जाएगा। जिला उपायुक्त के समक्ष अपील करने की आखिरी तारीख 16 मार्च है। इसके उपरांत 19 मार्च तक उपायुक्त की ओर से अपीलों का निपटारा किया जाएगा तथा 27 मार्च को अंतिम वोटर लिस्ट का प्रकाशन किया जाएगा।

## रंगकर्मी गोपाल वशिष्ठ को मिला हिंदी में सर्वश्रेष्ठ योगदान का सम्मान

- हिंदी केवल एक भाषा नहीं, अपितु भारत की आत्मा की अभिव्यक्ति

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रेवाड़ी



**रेवाड़ी।** समारोह में अवार्ड लेते हुए गोपाल वशिष्ठ। फोटो : हरिभूमि

वरिष्ठ रंगकर्मी व साहित्यकार गोपाल वशिष्ठ को हिंदी वकतव्य एवं कुशल संचालन के लिए सर्वश्रेष्ठ योगदान सम्मान से अलंकृत किया गया। यह सम्मान दिल्ली स्थित ऑडिटोरियम में अंतरराष्ट्रीय हिंदी ओलंपियाड फाउंडेशन नई दिल्ली की ओर से अतरराष्ट्रीय मातृभाषा दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में दिया गया। मुख्य अतिथि लद्दाख के उपराज्यपाल कवीन्द्र गुप्ता ने उन्हे सम्मानित किया। जम्मू से तेलंगाना तक तथा गुजरात से महाराष्ट्र व बिहार तक विभिन्न राज्यों से आए शिक्षकों एवं विद्यार्थियों ने सेंटर के सीडी देशमुख आडिटोरियम में आयोजित अलंकरण समारोह में भाग लिया। मुख्य अतिथि ने कहा कि हिंदी केवल एक भाषा नहीं, अपितु भारत की आत्मा की अभिव्यक्ति है। जब भारत बोलता है तो पूरा विश्व सुनता है। हिंदी की वैश्विक पहचान के लिए स्वामी विवेकानंद, पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी और वर्तमान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का योगदान अतुलनीय है। समारोह में दिल्ली के डिप्टी मेयर जयभगवान , आईआरएस एवं जीसटी संयुक्त निदेशक डा. प्रदीप कुमार, एमेटी इंटरनेशनल ग्रुप की प्रिंसिपल निदेशक डा. रेणु सिंह, शिक्षाविद सुनीला, डा. आयुषी फाउंडेशन के अध्यक्ष राजेश वत्स व समन्वयक हेमलता ने गोपाल वशिष्ठ के वक्तव्य एवं संचालन की सराहना की।

### मेंटेनेंस कार्य के चलते आज सात घंटे बाधित रहेगी बिजली आपूर्ति

**रेवाड़ी।** शहर के विभिन्न मोहल्लों में 25 फरवरी को करीब 7 घंटे बिजली आपूर्ति बाधित रहेगी। दक्षिण हरियाणा बिजली वितरण निगम के अधिकारियों के अनुसार 11 केवी टीपी 9 फीडर पर आवश्यक मेंटेनेंस और आरडीएसएस योजना के तहत चल रहे कार्यों के कारण बिजली कटौती का निर्णय लिया गया है। टीपी 9, नासियाजी रोड, शांति नगर, गांधी नगर, आनंद नगर, आर्य नगर, सरकुलर रोड व आसपास के क्षेत्रों में सुबह 9:30 बजे से शाम 5 बजे तक बिजली आपूर्ति बाधित रहेगी। एसडीओ मनीष सनवाल ने बताया कि आरडीएसएस के तहत कार्य और लाइनों के रख-रखाव के चलते यह कटौती की जा रही है।

## सैनिक स्कूल की कैडेट रागनी ने अंतरराष्ट्रीय हिंदी ओलंपियाड में रचा इतिहास

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रेवाड़ी



**रेवाड़ी।** कैडेट रागिनी को पुरस्कृत करते उपराज्यपाल कविंदर गुप्ता। फोटो : हरिभूमि

विश्व के 25 से अधिक देशों व 8000 से अधिक विद्यालयों एवं दो लाख से अधिक प्रतिभागी विद्यार्थियों में से सैनिक स्कूल रेवाड़ी की कक्षा दसवीं की कैडेट रागनी कुमारी ने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कक्षा दसवीं वर्ग में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। अंतरराष्ट्रीय हिंदी ओलंपियाड फाउंडेशन विदेश मंत्रालय रक्षा मंत्रालय एवं केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड द्वारा अनुमोदित संस्था है। सीडी देशमुख ऑडिटोरियम इंडिया इंटरनेशनल सेंटर नई दिल्ली में आयोजित सम्मान समारोह में मुख्य अतिथि कविंदर गुप्ता उपराज्यपाल लद्दाख ने कैडेट रागनी कुमारी को प्रशस्ति पत्र, ट्रॉफी एवं नकद 5100 रुपये का पुरस्कार प्रदान किया। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में डा. प्रदीप कुमार आईआरएस कस्टम उपायुक्त व डा. आयुषी केतकर असिस्टेंट प्रोफेसर जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय नई दिल्ली मौजूद थे। विद्यालय प्राचार्य कैप्टन ब्रिज किशोर ने इस सफलता के लिए हिंदी विभाग को बधाई देते हुए कैडेट्स के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। और भविष्य में भी ऐसे ही नए-नए कीर्तिमान स्थापित करने का अपना दृढ़ संकल्प दोहराया।

### श्री श्याम सेवा शिविर में चोरों की सेंध लैपटॉप व नकदी लेकर फरार

**रेवाड़ी।** खाटूश्याम जी जाने वाले पैदल यात्रियों की सेवा में दिल्ली रोड पर लगाए गए श्री श्याम सेवा शिविर से रात को चोर 60 हजार रुपये व लैपटॉप चोरी कर ले गए। सूचना मिलने के बाद पुलिस ने मौका मुआयना करते हुए चोरी का केस दर्ज कर लिया। पुलिस शिकायत में रोजका निवासी हरिसिंह ने बताया कि आरपीएस स्कूल के सामने उसकी सीएनजी की दुकान है, जहां गाड़ियों में सीएनजी किट लगाई जाती है। इसी स्थान पर उसने श्याम भक्तों के लिए शिविर लगाया हुआ है। रात को आने वाले भक्तों की व्यवस्था के लिए वह शिविर में अकेला सोया हुआ था। इसी दौरान चोर दीवार फांदकर अंदर घुस गए। वहां से नकदी व उसका लैपटॉप चोरी कर लिया। सुबह चोरी का पता चलते ही उसने पुलिस को फोन किया। सूचना मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंच गई। घटनास्थल का मौका मुआयना करने के बाद पुलिस ने चोरी का केस दर्ज कर लिया।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
रेवाड़ी कार्यालय : दुकान नंबर 67, दुर्गा मार्केट, सेक्टर-1 वाला कच्चा रास्ता, नजदीक महाराणा प्रताप चौक, बावल रोड, रेवाड़ी सम्पर्क करें: 8053076211, 8295738500, 9253681005

मृत्यु अंत नहीं है
मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।



हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
|---|---|---|
| 5×8 सें.मी<br>10×8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 1500/-<br>रु. 2000/- |

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज़ पर मान्य। अन्य किसी साईज़ के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
रेवाड़ी : दुकान नंबर 67, दुर्गा मार्केट, नजदीक महाराणा प्रताप चौक, बावल रोड, रेवाड़ी फोन : 9653537253, 9671434260

### प्रतियोगिता का शुभारंभ प्रिंसिपल डा. उर्मिला शर्मा ने किया

## विज्ञान दिवस के उपलक्ष्य में पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में चंचल बनी विजेता

- छात्रों को विज्ञान और प्रौद्योगिकी में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रेवाड़ी



**रेवाड़ी।** प्रतियोगिता में अपने पोस्टर दिखाते हुए विद्यार्थी। फोटो : हरिभूमि

अहीर कॉलेज में मंगलवार को विज्ञान दिवस के उपलक्ष्य में पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें विद्यार्थियों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। प्रति वर्ष 28 फरवरी को विज्ञान दिवस मनाया जाता है, जिसका उद्देश्य विज्ञान और प्रौद्योगिकी के महत्व को समझाना और छात्रों को इसके प्रति प्रेरित करना है। भौतिकी विभाग की ओर से आयोजित प्रतियोगिता में छात्रों ने अपनी कल्पना और विज्ञान के प्रति रुचि को प्रदर्शित किया। प्रतियोगिता का शुभारंभ प्रिंसिपल डा. उर्मिला शर्मा ने किया। छात्रों को विज्ञान और प्रौद्योगिकी में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। भौतिकी विभाग के अध्यक्ष डा. नवीन ने प्रतियोगिता के परिणाम घोषित किए। प्रतियोगिता में चंचल ने प्रथम, लक्ष्यता ने द्वितीय और दीपिका ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। विभागाध्यक्ष डा. तंवर ने विजेताओं को सर्टिफिकेट वितरित किए। भौतिकी विभाग से कार्यक्रम संयोजक डा. मीना कुमारी और डा. कविता यादव ने सभी का आभार व्यक्त किया।

### गवर्नमेंट गर्ल्स कॉलेज में क्विज कम्पीटिशन का आयोजन



**रेवाड़ी।** मंगलवार को माता सावित्रीबाई फुले राजकीय कन्या कॉलेज में वाणिज्य विभाग की ओर से कॉमर्स सब्जेक्ट समिति के तहत क्विज कंपटीशन का आयोजन किया गया। क्विज में विभाग की 13 टीमों ने हिस्सा लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्राचार्या डा. ज्योति यादव ने किया। प्राचार्या ने छात्राओं को एक विद्यार्थी के रूप में उनके कर्तव्यों के प्रति जागरूक किया और उन्हें सोशल मीडिया के उचित तथा लाभदायक प्रयोग करने के लिए प्रेरित किया। वाणिज्य विभाग के अध्यक्ष नरेंद्र सिंह ने कहा कि इस प्रकार की प्रतियोगिताएं प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए बहुत महत्वपूर्ण है और उन्हें जीवन में हमेशा अच्छी शिक्षा और उच्च विचारों के लिए प्रेरित किया। मंच संचालन एवं क्विज मास्टर की भूमिका डा. स्वाति ने निभाई। प्रतियोगिता में निशा बीकॉम फर्स्ट ईयर ने प्रथम, एमकॉम से शिक्षा व मुस्कान बीकॉम ने द्वितीय तथा तृतीय स्थान महक बीकॉम फाइनल ने प्राप्त किया। प्रतियोगिता की विजेता छात्राओं को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर वाणिज्य विभाग से डा. हरीश शर्मा, दीपक गुल्यानी, तिलकराज, डा. कंचन, ज्योति यादव, शर्मिला यादव, ममता, सुनीता, सृष्टि और चंद्रकांत उपस्थित थे।

**अभियान** सोशल मीडिया के माध्यम से भी सुरक्षा संबंधी संदेश प्रसारित किए जा रहे

## ऑनलाइन ग्रूमिंग जैसी गतिविधियां बच्चों की मानसिक सामाजिक व शारीरिक सुरक्षा के लिए गंभीर चुनौती: एसपी

बच्चों को किसी भी ऑनलाइन अजनबी से दूरी बनाए रखने और व्यक्तिगत फोटो, वीडियो या जानकारी साझा न करने की स्पष्ट सीख दें

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रेवाड़ी



एसपी हेमेंद्र कुमार मीणा।

- घर का पता, स्कूल का नाम, फोन नंबर, पासवर्ड या अन्य निजी जानकारी इंटरनेट पर साझा करने से बचें

एसपी हेमेन्द्र कुमार मीणा के मार्गदर्शन में जिला पुलिस की ओर से बच्चों को ऑनलाइन अपराधों से सुरक्षित रखने के उद्देश्य से जन-जागरूकता अभियान लगातार चलाए जा रहे हैं। डिजिटल युग में जहां सोशल मीडिया, ऑनलाइन गेमिंग और विभिन्न इंटरनेट प्लेटफॉर्म बच्चों की दिनचर्या का हिस्सा बन चुके हैं, इनके माध्यम से होने वाले साइबर अपराध भी लगातार बढ़ रहे हैं। विशेष रूप से ऑनलाइन फ्रैंडशिप और ऑनलाइन ग्रूमिंग जैसी गतिविधियां बच्चों की मानसिक, सामाजिक और शारीरिक सुरक्षा के लिए गंभीर चुनौती बन रही हैं। पुलिस की ओर से आमजन, अभिभावकों, शिक्षकों एवं विद्यार्थियों को जागरूक करने के लिए स्कूलों, शैक्षणिक संस्थानों और सामाजिक मंचों पर साइबर सुरक्षा संबंधी कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। सोशल मीडिया के माध्यम से भी सुरक्षा संबंधी संदेश प्रसारित किए जा रहे हैं, ताकि हर परिवार तक यह महत्वपूर्ण जानकारी पहुंच सकें।

### क्या है ऑनलाइन ग्रूमिंग

ऑनलाइन ग्रूमिंग वह प्रक्रिया है, जिसमें अपराधी फर्जी पहचान बनाकर नाबालिग बच्चों से संपर्क करते हैं। शुरूआत में वे मित्रता का दिखावा करके बच्चों का विश्वास जीतते हैं। धीरे-धीरे बातचीत को निजी विषयों की ओर मोड़ा जाता है और यह बात सीक्रेट रहेगी जैसे बहाने बनाकर निजी फोटो या वीडियो मांगे जाते हैं। कई मामलों में भावनात्मक दबाव डालकर बच्चों को डराया या ब्लैकमेल किया जाता है, ताकि वे इस विषय में किसी को न बताएं।

### अभिभावकों के लिए जरूरी जानकारियां

बच्चों को किसी भी ऑनलाइन अजनबी से दूरी बनाए रखने और व्यक्तिगत फोटो, वीडियो या जानकारी साझा न करने की स्पष्ट सीख दें। यदि कोई व्यक्ति बातचीत को गोपनीय रखने या परिवार से छिपाने की बात करे, तो उसे तुरंत ब्लॉक करें और इसकी सूचना अभिभावकों को दें। घर का पता, स्कूल का नाम, फोन नंबर, पासवर्ड या अन्य निजी जानकारी इंटरनेट पर साझा करने से बचें। बच्चों के व्यवहार में अचानक बदलाव दिखाई दे तो संवेदनशीलता से उनसे बात करें और उनकी समस्या समझने का प्रयास करें। बच्चों के साथ ऐसा विश्वासपूर्ण वातावरण बनाएं कि वे किसी भी असहज स्थिति को तुरंत साझा कर सकें।

### बच्चों की डिजिटल गतिविधियों पर निगरानी रखें: एसपी

एसपी मीणा ने कहा कि बच्चों की ऑनलाइन सुरक्षा सुनिश्चित करना समाज की सामूहिक जिम्मेदारी है। अभिभावकों को चाहिए कि वे बच्चों की डिजिटल गतिविधियों पर सकारात्मक निगरानी रखें, साथ ही उनके साथ निरंतर संवाद बनाए रखें। डर या डांट की बजाय समझाइश और विश्वास का वातावरण बच्चों को सुरक्षित रखने में अधिक प्रभावी सिद्ध होता है। उन्होंने आमजन से आग्रह किया कि यदि किसी भी प्रकार की ऑनलाइन ठगी, ब्लैकमेलिंग, साइबर बुलिंग या संदिग्ध गतिविधि की जानकारी मिले तो तुरंत पुलिस हेल्पलाइन 1930 या राष्ट्रीय साइबर क्राइम पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराएं अथवा नजदीकी पुलिस स्टेशन में सूचना दें।